गोरखपुर से प्रकाशित

RNI Reg. NO. UPBIL/2023/87841

साप्ताहिक

# स्वदेशी इनक्रेडिबल

Web:www.sinews.in/E-mail: info@sinews.in

सिर्फ सच के साथ...

वर्ष : 02 अंक: 52 | गोरखपुर रविवार 08 जून 2025 | मूल्य- 02 रूपया | पृष्ठ - 8

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का दावा.....

## किसानों के भविष्य को सुंदर और सुरक्षित बनाने की दिशा में काम कर रही डबल इंजन सरकार

**एजेंसी**

नई दिल्ली। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किसान सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि 2014 में एनडीए सरकार के सत्ता में आने के बाद किसान इस सरकार के ह्यएजेंडों में से एक बन गए। उत्तर प्रदेश सरकार ने बताया कि देश के 12 करोड़ किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ मिल रहा है।उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि राज्य में किसानों का भविष्य सुंदर और सुरक्षित बनाने की दिशा में ह्यडबल इंजन सरकार काम कर रही है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किसान सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि 2014 में एनडीए सरकार के सत्ता में आने के बाद किसान इस सरकार के ह्यएजेंडों में से एक बन गए। उत्तर प्रदेश सरकार ने बताया कि देश के 12 करोड़ किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ मिल रहा है।योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आपने 2014 में



पहली बार देखा होगा कि अन्नदाता किसान भी किसी सरकार के राजनीतिक एजेंडे का हिस्सा बन सकता है। जब पीएम मोदी ने मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना शुरू की... मृदा स्वास्थ्य कार्ड के बाद प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना और फिर प्रधानमंत्री कृषि बीमा योजना लागू की गई और प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना लागू की गई। देश के 12 करोड़ किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ मिल रहा है। यह डबल इंजन की सरकार राज्य में अपने किसानों के भविष्य को सुंदर और सुरक्षित बनाने की दिशा में भी काम कर रही है।मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 में जब हमारी सरकार आई तो किसान आत्महत्या कर रहे थे। कहीं कोई सुविधा नहीं थी। 2017 में जब हम आए तो सबसे पहले हमने 86 लाख किसानों के 36000 करोड़ रुपए के कर्जमाफी कार्यक्रम को आगे बढ़ाया और कर्जमाफी के बाद हमने राज्य में सिंचाई क्षमता विकसित करने के लिए प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना का सहारा लिया। इससे पहले उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में राज्य कर विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा की और अधिकारियों को कर वसूली में पारदर्शिता, तकनीकी दक्षता और सख्त प्रवर्तन की नीति अपनाने के निर्देश दिए। सीएम योगी ने शेल कंपनियों और फर्जी पंजीकृत कंपनियों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए। सीएम योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को लखनऊ में 16वें वित्त आयोग के सदस्यों के साथ बैठक की। इससे पहले राज्य के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि सीएम योगी ने वित्त आयोग के सामने कई मांगें रखीं। इसमें केंद्रीय करों में राज्य की हिस्सेदारी बढ़ाने की मांग भी शामिल थी।

## मणिपुर में फिर तनाव क्यों, पांच जिलों में निषेधाज्ञा और इंटरनेट बंद करने की वजह क्या? जानिए सबकुछ

**एजेंसी**

नई दिल्ली। मणिपुर में एक बार फिर हालात तनावपूर्ण हो गए हैं। इंफाल में लोग सड़कों पर उतर आए हैं। बस में आग लगा दी गई और जगह-जगह लोग सुरक्षा बलों से भिड़ गए। इसके बाद प्रशासन ने पांच जिलों में निषेधाज्ञा लागू कर दी गई और इंटरनेट को बैन कर दिया गया। मई 2023 से हिंसा की आग में झुलस रहे मणिपुर में बीते कुछ दिनों से शांति थी, लेकिन अब फिर से हालात बिगड़ गए हैं। आइए जानते हैं ऐसा क्यों हुआ और प्रशासन ने क्या कदम उठाए ?मणिपुर में फिर से तनाव भड़कने की वजह मैतेई संगठन अरामबाई तेंगोल के नेता कनन सिंह की गिरफ्तारी को माना जा रहा है। पीटीआई के मुताबिक संगठन के नेता की गिरफ्तारी के बाद लोग सड़क पर उतर आए। प्रदर्शनकारियों ने क्वाकेथेल और उरीपोक में सड़कों पर टायर और पुराने फर्नीचर जलाए। उन्होंने मैतेई नेता की रिहाई की मांग की। शनिवार रात को भी इंफाल में अलग-अलग जगहों पर सुरक्षा बलों के साथ उनकी झड़प हुई। भीड़ ने खुरई लामलोंग में एक बस को भी आग के हवाले कर दिया। एक अधिकारी ने बताया कि प्रदर्शनकारियों और पुलिस कर्मियों के साथ झड़प में तीन लोग घायल हो गए।

## तेलंगाना में कांग्रेस सरकार का मंत्रिमंडल विस्तार

### तीन विधायकों ने ली मंत्री पद की शपथ

**एजेंसी**

नई दिल्ली। रविवार को मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने हैदराबाद के राजभवन में



आयोजित एक समारोह में तीन नए मंत्रियों- जी विवेक वेंकट स्वामी (चेन्नूर, एससी-माला), अदलुरी लक्ष्मण कुमार (धर्मपुरी, एससी-मडिगा) और वक्ति श्रीहरि (मकथल, बीसी-मुदुराज) को पद की शपथ दिलाई।

राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा ने राजभवन में आयोजित एक समारोह में उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी, उनके मंत्रिपरिषद सहयोगी, विधायक और अन्य नेता मौजूद थे।दिसंबर 2023 में रेवंत रेड्डी के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार के सत्ता में आने के बाद से यह पहला कैबिनेट विस्तार है, जिसमें मंत्रियों की संख्या बढ़कर 12 हो गई है, जबकि छह पद खाली हैं। तीनों नियुक्तियां पारंपरिक रूप से कम प्रतिनिधित्व वाले समुदायों का प्रतिनिधित्व करती हैं: विवेक और लाक्ष्मण एससी समूहों से हैं, और श्रीहरि पिछड़े वर्ग की पृष्ठभूमि से हैं। विश्लेषकों का सुझाव है कि भविष्य की नियुक्तियों से पहले क्षेत्रीय और जातिगत विविधता को संतुलित करने के लिए उन्हें शामिल किया गया है।सीएम रेवंत रेड्डी ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट के माध्यम से शामिल किए गए लोगों को बधाई दी, साथ ही दोर्नाकल के विधायक रामचंदर नाइक को विधानसभा उपाध्यक्ष बनने पर बधाई दी।

हालांकि तीन नए मंत्रियों के लिए विभागों की घोषणा अभी बाकी है, लेकिन आने वाले दिनों में और विस्तार की उम्मीद है। कांग्रेस आलाकमान कथित तौर पर अतिरिक्त समावेशन पर विचार कर रहा है, जिसमें संभावित रूप से मुस्लिम, जीएचएमसी और रेड्डी/वेलामा समुदायों के नेता शामिल हो सकते हैं।

## केरल के नीलांबुर में किशोर की करंट लगने से मौत पर विवाद

**एजेंसी**

नई दिल्ली। केरल के नीलांबुर में एक किशोर की करंट लगने से मौत पर विवाद हो गया है। नीलांबुर में 19 जून को उपचुनाव होना है। यही वजह है कि किशोर की मौत राजनीतिक विवाद के केंद्र में आ गई है। विपक्षी गठबंधन यूडीएफ ने आरोप लगाया है कि राज्य की एलडीएफ गठबंधन सरकार की लापरवाही से किशोर की मौत हुई। यूडीएफ कार्यकर्ताओं ने नीलांबुर में सड़क अवरुद्ध कर पुलिस स्टेशन तक मार्च भी किया। वहीं सत्ताधारी एलडीएफ गठबंधन घटना के पीछे राजनीतिक साजिश की आशंका जता रहा है।नीलांबुर के वाझिकाडावु इलाके में एक निजी संपत्ति में जंगली सुअर को पकड़ने के लिए जाल में करंट लगाया गया था। कक्षा 10 में पढ़ने वाला जीतू और उसके तीन दोस्त इस जाल की चपेट में आकर करंट के संपर्क में आ गए। हादसे में जीतू की मौत हो गई और उसके दो दोस्त गंभीर रूप से घायल हैं। यूडीएफ का आरोप है कि ऐसे अवैध जालों के खिलाफ राज्य सरकार और प्रशासन कोई कार्रवाई नहीं करता है।



हालांकि राज्य के वन मंत्री ए के ससींद्रन ने आरोपों से इनकार किया और इसे उपचुनाव से पहले राजनीतिक साजिश करार दिया।नीलांबुर उपचुनाव में यूडीएफ के उम्मीदवार आर्यदान शौकत और एलडीएफ उम्मीदवार एम स्वराज ने भी शनिवार को उस अस्पताल का दौरा किया, जहां मृत किशोर का शव रखा गया था। दोनों ही उम्मीदवारों ने घटना की उच्च स्तरीय जांच की मांग की। यूडीएफ उम्मीदवार ने इसे राज्य प्रायोजित हत्या बताया।

## केरल के व्यापारी की बढ़ीं मुश्किलें, रिश्वत मामले में ईडी अधिकारी के खिलाफ नहीं दे पाया सबूत

**एजेंसी**

नई दिल्ली। केरल में ईडी के अधिकारी के खिलाफ भ्रष्टाचार का आरोप लगाने वाले व्यवसायी की मुश्किलें बढ़ रही हैं। ईडी सूत्रों का दावा है कि व्यवसायी रिश्वत मामले में ईडी अधिकारी के खिलाफ कोई सबूत नहीं दे पाया है। हाल ही में कारोबारी ने केंद्रीय एजेंसी के सामने बयान दर्ज कराया है। पिछले महीने व्यवसायी अनीश बाबू की शिकायत पर एनार्कुलम में केरल सतर्कता और भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (वीएसीबी) कार्यालय ने ईडी के कोच्चि कार्यालय में कार्यरत के एक सहायक निदेशक रैंक के अधिकारी के खिलाफ मामला दर्ज किया था। अधिकारी पर आरोप लगाया गया था कि कुछ निजी व्यक्तियों ने व्यापारी से संपर्क किया और ईडी द्वारा उनके खिलाफ जांच की जा रही मार्च 2021 में दर्ज मनी लॉन्ड्रिंग मामले को निपटाने के एवज में उनसे दो करोड़ रुपये की मांग की इस मामले में ईडी ने व्यवसायी को समन जारी किया था और गवाही देने के लिए बुलाया था। समन के खिलाफ बाबू ने केरल हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। इसके बाद केरल उच्च न्यायालय ने उन्हें 30 मई को एजेंसी के समक्ष पेश होने का निर्देश दिया था, लेकिन वह इसमें शामिल नहीं हुए और छह जून के लिए जारी दूसरे समन पर पेश हुए।

## सम्पादकीय...

# लाल आतंक के गढ़ में लहरा रहा तिरंगा

देश में भाजपा सरकार बनने के बाद 2015 में नक्सलवाद के खिलाफ विशेष अभियान चलाने की नीति बनाई गई। तत्कालीन गृह मंत्री राजनाथ सिंह ने 8 सूत्रीय समाधान एक्शन प्लान बनाया। इसमें नक्सलियों के खिलाफ कार्रवाई और नक्सली इलाकों में विकास के काम एक साथ किए गए।चार दशक से ज्यादा समय तक नक्सलवाद का शिकार रहे छत्तीसगढ़ का बस्तर जिले को अब वामपंथी उग्रवादियों (एलडब्ल्यूई) जिले की सूची से बाहर कर दिया गया है। अपने आप में ये बड़ी खबर है। दरअसल मोदी सरकार का लक्ष्य है कि मार्च 2026 तक भारत पूरी तरह से नक्सल मुक्त हो जाए। गृह मंत्री अमित शाह भी कई बार सार्वजनिक मंच से इस बात को दोहरा चुके हैं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह अगस्त 2024 और दिसंबर 2024 में छत्तीसगढ़ के रायपुर और जगदलपुर आए थे। वे यहां अलग-अलग कार्यक्रमों में शामिल हुए थे। इस दौरान उन्होंने अलग-अलग मंचों से नक्सलियों को चेताते हुए कहा था कि हथियार डाल दें। हिंसा करोगे तो हमारे जवान निपटेंगे। वहीं उन्होंने एक डेडलाइन भी जारी की थी कि 31 मार्च 2026 तक पूरे देश से नक्सलवाद का खात्मा कर दिया जाएगा। शाह के डेडलाइन जारी करने के बाद से बस्तर में नक्सलियों के खिलाफ ऑपरेशन काफी तेज हो गए हैं नक्सलवाद शब्द की उत्पत्ति पश्चिम बंगाल के नक्सलबाड़ी गांव से हुई है। इसकी शुरूआत स्थानीय जमींदारों के खिलाफ विद्रोह के रूप में हुई, जिन्होंने भूमि विवाद को लेकर एक किसान की पिटाई की थी। यह आंदोलन जल्द ही पूर्वी भारत के छत्तीसगढ़, ओडिशा और आंध्र प्रदेश जैसे कम विकसित क्षेत्रों में फैल गया। वामपंथी उग्रवादियों (एलडब्ल्यूई) को दुनिया भर में माओवादी और भारत में नक्सलवादी के नाम से जाना जाता है। वे सशस्त्र क्रांति के माध्यम से भारत सरकार को उखाड़ फेंकने और माओवादी सिद्धांतों पर आधारित साम्यवादी राज्य की स्थापना की वकालत करते हैं। छत्तीसगढ़, झारखंड, ओडिशा, बिहार, पश्चिम बंगाल, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और केरल राज्यों को वामपंथी उग्रवाद प्रभावित माना जाता है देश में भाजपा सरकार बनने के बाद 2015 में नक्सलवाद के खिलाफ विशेष अभियान चलाने की नीति बनाई गई। तत्कालीन गृह मंत्री राजनाथ सिंह ने 8 सूत्रीय समाधान एक्शन प्लान बनाया। इसमें नक्सलियों के खिलाफ कार्रवाई और नक्सली इलाकों में विकास के काम एक साथ किए गए। नक्सलियों के खिलाफ राज्य सरकारों के विशेष बल, केंद्रीय सुरक्षा बलों, पुलिस ने मिलकर कार्रवाई की। इससे नक्सली घटनाओं में जबरदस्त कमी आयी।2010 में तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने जिसे भारत की सबसे बड़ी आंतरिक सुरक्षा चुनौती कहा था, वही नक्सलवाद अब खत्म होता दिख रहा है। नक्सलियों ने नेपाल के पशुपति से आंध्र प्रदेश के तिरुपति तक एक रेड कॉरिडोर स्थापित करने की योजना बनाई थी। 2013 में लगभग 126 जिलों में नक्सली सक्रिय थे। वर्तमान में नक्सलवाद से सबसे ज्यादा प्रभावित जिलों की संख्या 12 से घटकर 6 हो गई। इनमें छत्तीसगढ़ के चार जिले- बीजापुर, कांकेर, नारायणपुर और सुकमा, झारखंड का एक जिला- पश्चिमी सिंहभूम और महाराष्ट्र का एक जिला- गढ़चिरौली शामिल है।वर्ष 2025 में सुरक्षाबलों के ऑपरेशन में अब तक 287 नक्सली मारे जा चुके हैं। वहीं 865 ने समर्पण किया है और 830 गिरफ्तार हुए हैं। गत 21 मई को सुरक्षाबलों ने अबूझमाड़ में डेढ़ करोड़ के इनामी नंबला केशव उर्फ बसवराज को मार गिराया था।

## राशिफल

मेषः- प्रतिभाओं के बावजूद हीन भाव प्रतिभाओं के लाभ से वंचित होगा। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें। सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। घर में खुशहाली रहेगी।

वृषः- किसी कार्य में सफलता से उत्साह में वृद्धि होगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी। परिश्रम से आर्थिक लाभ होगा।

मिथुनः- नीरस स्वभाववश रचनात्मक योजनाओं को सार्थक करने में असमर्थ होंगे। सब कुछ सामान्य होते हुए भी मन अरुचि का शिकार होगा। समस्याओं के समाधान से उत्साह में वृद्धि होगी।

कर्कः- काफी दिनों से अवरोधित कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने के आसार बनेंगे। काफी दिनों से प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। शिक्षा प्रतियोगिता की दिशा में प्रयत्न सार्थक होगा।

सिंहः- नयी घरेलू जिम्मेदारियों के पैदा होने से व्यय संभव। प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। नये कायरें के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। जीवन साथी के स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें।

कन्याः- कर्जदारों से मन परेशान होगा। नये क्षेत्रों में प्रयास से लाभ संभव। व्यावसायिक यात्रा द्वारा लाभ संभव। नये संबंधों के सहयोग से आर्थिक कठिनाइयां दूर होंगी। प्रणय संबंध प्रगाढ़ होंगे।

तुलाः- भावुकता व्यावहारिक जगत के अनुकूल चलने में बाधक होगी। अतः व्यावहारिक बनें। भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं मन पर प्रभावी होंगी। विद्यार्थी शिक्षा में लापरवाही न बरतें। कल्पनाओं में न जियें।

वृश्चिकः- किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। सकारात्मक सोच को अपनाते हुए जीवन को सही दिशा की ओर केंद्रित करें। परिजनों के अनुकूल चलने की चेष्टा करें। आलस्य त्यागें।

धनुः- संवेदनशील शरीर ग्रहों की प्रतिकूलता से बीमार पड़ सकता है। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव।

मकरः- कुछ व्यासायिक कारणों से घर से दूर रहना पड़ सकता है। परिजनों की सुख-सुविधा के प्रति मन चिंतित होगा। मस्त-मौला मन व्यर्थ के कायरें में समय जाया कर महत्वपूर्ण कायरें के प्रति लापरवाह होगा।

# अब गुजरात में न्याय की धज्जियां उड़ाता बुलडोजर राज

**डॉ.इंदिरा हिरवे व डॉ.नेहा शाह**

दुनिया भर में निर्माण कार्यों के लिए बुलडोजरों का उपयोग किया जाता है लेकिन श्नए भारतश में बड़े पैमाने पर अपराधियों, दंगाइयों या माफिया से जुड़े कहे जाने वाले लोगों के घरों और संपत्तियों को नष्ट करने के लिए विनाश के एक उपकरण के रूप में उनका उपयोग किया जा रहा है। ज्यादातर मामलों में लक्षित गरीब लोग होते हैं उनमें से कई अल्पसंख्यक समूहों से होते हैं और इस तरह बुलडोजर एक नए राजनीतिक उपकरण में बदल जाता है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पहले मुख्यमंत्री थे जिन्होंने तत्काल न्याय के लिए एक असाधारण उपकरण के रूप में बुलडोजरों का उपयोग किया। इस प्रथा को अब प्रचलित किया जा रहा है। अन्य राज्य भी इसका अनुसरण कर रहे हैं। ताजा मामला गुजरात सरकार का है जिसने पहले से ही झुग्गी उन्मूलन के लिए कार्यक्रम शुरू कर दिए हैं। ये स्लमों के पुनर्वास और पुनर्विकास हेतु विनियमन- 2010 अधिनियम के रूप में (गुजरात स्लम पुनर्वास नीति- पीपीपी- 2013ज् ख्झुग्गीवासियों के पक्के घरों में पुनर्वास के लिए, और श्गुजरात किफायती आवास नीति- 2014 (शहरी गुजरात को झुग्गी मुक्त बनाने) आए थे जिसमें गुजरात राज्य में स्लम क्षेत्रों के सुधार तथा उनके विकास का प्रावधान है। ये सभी गुजरात सरकार और अहमदाबाद नगर निगम द्वारा घोषित आधिकारिक नीतियां हैं।अतिक्रमण के खिलाफ उठाए गए कदमों की एक श्रृंखला में हाल के दिनों में दो प्रमुख अभियानों में बुलडोजरों का उपयोग किया गया है। अप्रैल और मई 2025 में अहमदाबाद में, विशेष रूप से चंदोला झील क्षेत्र में घर तोड़े गए। अहमदाबाद शहर के दक्षिणी भाग में स्थित चंदोला झील एक अर्ध-सूखे झील का क्षेत्र है जो लगभग 109 हेक्टेयर भूमि को कवर करता है। यह आधिकारिक तौर पर अहमदाबाद नगर निगम के अंतर्गत आता है। झील पर अतिक्रमण कुछ किसानों द्वारा छोटे पैमाने पर फसल की खेती के साथ शुरू हुआ। गरीब परिवारों ने रहने के लिए धीरे-धीरे झील के किनारों पर कब्जा करना शुरू कर दिया और समय के साथ व्यापक क्षेत्र पर कब्जा किया गया। यहां के अधिकांश परिवार छोटे-मोटे व्यापार और विनिर्माण कार्यों में लगे हुए थे जो निर्माण कार्य, घरेलू काम, सब्जियां बेचने और अन्य दिहाड़ी काम करने वाले मजदूर थे। झील के एक छोटे से हिस्से पर, जिसे बंगला-वास के नाम से जाना जाता है, बांग्लादेशी प्रवासियों का कब्जा था। समय के साथ इस क्षेत्र ने छोटे स्थानीय क्षेत्र की व्यावसायिक गतिविधियों के एक पारिस्थितिकी तंत्र को विकसित किया। कुछ लोगों ने कानून की सीमाओं को तोड़ा और स्थानीय गिरोहों को जन्म दिया। अहमदाबाद नगर निगम (एएमसी) द्वारा शुरू किए गए इस तोड़फोड़ से 7,000 से अधिक संपत्तियां प्रभावित हुई हैं जो ज्यादातर अल्पसंख्यक समुदाय के सदस्यों के स्वामित्व वाली हैं। कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए हमले के चार दिन बाद तोड़फोड़ की कार्रवाई हुई। स्थानीय रिपोर्टों में कहा गया है कि अधिकारियों ने चंदोला के निवासियों को बिना दस्तावेजों वाले बांग्लादेशी अप्रवासियों के संदेह में हिरासत में लेना शुरू किया। बुलडोजरों की मदद से तोड़फोड़ 2023 में शुरू हुई थी पर वर्ष 2024 में गुजरात में बहुत अधिक कार्रवाइयां देखी गईं। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल को दादा के नाम से जाना जाता है पर उनके शासन काल में बुलडोजर राज को दादा का बुलडोजर कहा जाने लगा है। गुजरात में बुलडोजरों का मुख्य फोकस सरकारी जमीन पर अवैध अतिक्रमण हटाने पर रहा है। राज्य सरकार ने 2024 के अंत तक पूरे गुजरात में कई बार बुलडोजरों का प्रयोग किया। प्रमुख घटनाएं अहमदाबाद शहर, मेहसाणा, कच्छ, जूनागढ़, द्वारका, वडोदरा, सूरत, नवसारी और अन्य शहरों में हुई हैं। जिन क्षेत्रों में ये कार्रवाइयां की गईं वे ज्यादातर गरीब, वंचित समूहों की बस्तियां हैं जिनमें अल्पसंख्यक भी शामिल हैं। इन लोगों पर अवैध गतिविधियों और स्थानीय अपराधों में शामिल होने का आरोप है। जैसा कि कार्रवाई स्थलों से दिखाई पड़ता है कि बुलडोजर का कहर गरीब क्षेत्रों में हुआ और उसके दायरे में कभी भी पड़ोस के संपन्न इलाके नहीं थे। 2022 में एक स्थानीय पार्षद ने एक मानवाधिकार वकील के साथ मिलकर एएमसी से झुग्गी पुनर्वास योजना के तहत यहां रहने वाले परिवारों के पुनर्वास पर विचार करने का अनुरोध किया पर एएमसी ने इस विषय को इस आधार पर आगे नहीं बढ़ाया कि उस समय उसके पास कोई योजना नहीं थी। यह बात पीपुल्स यूनियन फॉर सिविल लिबर्टीज (पीयूसीएल), अहमदाबाद के मानवाधिकार वकील आनंदवर्धन याग्निक ने बताई। याग्निक अहमदाबाद तोड़-फोड़ सहित मानवाधिकारों के उल्लंघन से संबंधित कानूनी मामलों में शामिल रहे हैं। उन्होंने विशेष रूप से हाशिए के समुदायों को लक्षित करने वाले विध्वंस के खिलाफ यह तर्क देते हुए कहा है कि ऐसी तोड़-फोड़ अक्सर उचित कानूनी प्रक्रियाओं के बिना किए जाते हैं जिससे विस्थापन और कठिन होता है। पहलगाम की घटना के बाद गुजरात नेतृत्व ने कथित तौर पर चंदोला क्षेत्र पर अपना ध्यान केंद्रित किया और एएमसी की मदद से कार्रवाई शुरू कर दी। 26 अप्रैल को तड़के 3 बजे एक टीम तलाशी अभियान के लिए आई। उसने 890 व्यक्तियों की पहचान की और उन्हें पुलिस सुरक्षा में अंधेरी रात में 4 किमी से अधिक दूर स्थित कांकरिया फुटबॉल मैदान ले गई। उन्हें वहां तीन दिनों तक रखा गया। अधिकारियों ने अंततरू पाया कि इनमें से केवल 150 व्यक्ति (16-17 प्रतिशत) अवैध रूप से बांग्लादेशी प्रवासी थे।

\29 अप्रैल को 2,000 नगरपालिका कर्मचारियों और पुलिसकर्मियों की टीम, एक दर्जन से अधिक बुलडोजर, लगभग 200 ट्रकों के साथ चंदोला झील पहुंची और उसने निवासियों के घरों, दुकानों और अन्य संपत्तियों को ढहाना शुरू कर दिया। लगभग 3,000 महिलाओं, बच्चों एवं पुरुषों को 44 डिग्री सेल्सियस के तापमान में भीषण गर्मी में, खुले में रहने को मजबूर कर दिया। पीयूसीएल इस मुद्दे पर एएमसी के खिलाफ मुकदमा लड़ रहा है और उसकी रिपोर्टों में ये विवरण दिया गया है।

## कुछ खास...

# अर्थव्यवस्था को धार देगी रेपो दरों में कमी

**प्रेम शर्मा**

वैश्विक स्तर पर चल रही आर्थिक उथल पुथल के बीच पिछले कुछ समय से देश में अर्थव्यवस्था के लिहाज से सकारात्मक खबरें और अब भारतीय रिजर्व बैंक यानी आरबीआइ की ओर से नीतिगत दरों में कमी से यही संकेत उभरता है कि महंगाई कुछ नियंत्रण में है। ऐसे में आर्थिक मोर्चे पर खड़ी चुनौतियों से निपटने में काफी हद तक देश आगे बढ़ा है। आरबीआइ ने एक बार फिर 6 जून को प्रमुख नीतिगत दर यानी रेपो दर में 0.5 फीसद की कमी करके उसे 5.5 फीसद कर दिया। जो उम्मीद से ज्यादा है। इसके अलावा एक चैंकाने वाले फैसले के तहत आरबीआइ ने बैंकों के लिए भी नकद आरक्षित अनुपात यानी सीआरआर में भी एक फीसद की कटौती की घोषणा लगातार तीसरी बार की है। इससे पहले आरबीआइ ने इसी वर्ष फरवरी और अप्रैल में पच्चीस आधार अंकों की कटौती की थी। जाहिर है, यह न केवल देश के भीतर आर्थिक उतार-चढ़ाव से निपटने की कोशिश है, बल्कि दुनिया भर में जो चुनौतियां खड़ी हो रही हैं, उसमें निपटने और अर्थव्यवस्था को संभालने में भी मदद मिलेगी। यही नही आरबीआई की घोषणा के चंद घन्टों बाद ही बैंकिंग सेक्टर में लोन और फिक्स्ड डिपॉजिट के ब्याज दरों में कमी होने वाली है। देश के दो बड़े बैंकों ने लोन के इंटरेस्ट रेट में बदलाव किया है। पब्लिक सेक्टर के पंजाब नेशनल बैंक ने रेपो लेंडिंग रेट (आरएलएलआर) में 50 बीपीएस की कटौती की है। नई दरें 9 जून से प्रभावी होंगी। वहीं देश के सबसे बड़े प्राइवेट सेक्टर बैंक ह्यएचडीएफसी बैंकह्न ने एमसीएलआर दरों में 10 बीपीएस यानि 0.10ः की कमी है। दरों में कटौती का असर ईएमआई पर पड़ेगा। उधारकताओं को राहत मिलेगी। होम लोन, कार लोन, पर्सनल लोन और ऋण पर नए रेट प्रभावी होंगे। भारतीय स्टेट बैंक के ग्रुप चीफ इकोनॉमिक एडवाइजर सौम्य कांति घोष और पिरामल एंटरप्राइजेज के चीफ इकोनॉमिस्ट देबोपम चैधरी ने एक ऐसी भविष्यवाणी की थी, जिसकी शायद ही किसी और ने अनुमान लगाया हो। उन्होंने जून में भारतीय रिजर्व बैंक (त्ठप्) की मौद्रिक नीति समिति की बैठक में ब्याज दरों में बड़ी कटौती का अनुमान लगाया था। और हुआ भी ऐसा ही। रिजर्व बैंक ने ब्याज दरों में 50 बीपीएस की कटौती की दी। अब इन दोनों अर्थशास्त्रियों ने फिर से भविष्यवाणी की है। इन दोनों का मानना है कि रिजर्व बैंक फिर से ब्याज दरों में कटौती करेगा।आम बोलचाल के रूप में रेपो दरों में कमी को मुख्य रूप से ऋण के लिहाज से सुविधाजनक माना जाता रहा है। कर्ज सस्ता या महंगा होने का हिसाब इसी पर टिका होता है और इसका सीधा और पहला असर उन उपभोक्ताओं पर पड़ता है, जिन्होंने घर, वाहन, अन्य सामान या फिर शिक्षा जैसी जरूरतों के लिए बैंकों से ऋण लिया होता है या फिर वे लोग, जो इस बात का इंतजार करते हैं कि रिजर्व बैंक की ओर से कब नीतिगत दरों में कमी की जाए और कर्ज सस्ता होने के बाद वे कुछ खरीदने या निवेश करने की योजना बनाएं। वैसे तो रिजर्व बैंक की नीतिगत दरों के अनुरूप ही व्यावसायिक बैंक उपभोक्ताओं को दिए जाने वाले ऋण और अन्य सावधि जमा के मद में ब्याज की दरें निर्धारित करते हैं। रेपों दरों के घटने बाद यह अनुमान लगाया जा रहा है कि पिछले कुछ समय से वाहन बाजार और खासतौर पर जमीन-जायदाद के कारोबार में जिस तरह की मंदी की आशंका जताई जा रही थी, नीतिगत दरों में कटौती के बाद उसमें सुधार होगा। इस लिहाज से देखें तो रिजर्व बैंक की ओर से नीतिगत दरों में बड़ी कमी की जो घोषणा की है, वह एक तरह से अर्थव्यवस्था को रफ्तार देने की दिशा में एक अहम कदम है।

# कुर्बानी इस्लाम का अभिन अंग है: मौलाना खालिद रशीद

## ईद-उल अजहा पर देश और सेना के जवानों की हिफाजत के लिए

**संवाददाता**

लखनऊ। ईद-उल अजहा की नमाज प्रदेश की सबसे बड़ी और तारीखी ईदगाह लखनऊ में हुई। जिसमें लाखों मुसलमानों ने इमाम ईदगाह, लखनऊ मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली चेयरमैन इस्लामिक सेन्टर आफ इण्डिया की इमामत में नमाज अदा की। नमाज के बाद खुतबा अब्दुल हई फंरगी महली ने दिया। ईद-उल-अजहा के मुबारक अवसर पर जहाँ लाखों मुसलमानों की आपसी भाई चारा, मजहबी जोश व खरोश और इस्लामी शान व शौकत का अजीम प्रदर्शन हुआ। डा0 दिनेश शर्मा पूर्व उप मुख्यमंत्री और विभिन्न राजनैतिक व समाजिक लीडरो और उच्च अधिकारियों ने ईदगाह आकर इमाम ईदगाह मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली और तमाम मुसलमानों को ईद-उल-अजहा की मुबारकबाद पेश की जिससे वर्षो पुरानी हमारी गंगा जमनी सभ्यता का भी लुभावना प्रदर्शन हुआ। ईद उल अजहा की नमाज से पहले मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने अपने सम्बोधन में ईद उल अजहा की अहमियत और कुर्बानी की तारीख और उद्देश्य और मौजूदा हालात पर रौशनी डाली। मौलाना खालिद रशीद ने कहा कि कुर्बानी दो नबियों हजरत इब्राहीम और हजरत इस्माईल की यादगार है। जिसका वर्णन खुदा पाक ने कुरान में विस्तार से किया है। उन्होने कहा कि जिस तरह नमाज के वक्त नमाज जरूरी है, रमजान में रोजा रखना जरूरी है उसी तरह कुर्बानी के दिनों में कुर्बानी करना जरूरी है क्योंकि यह मजहबे इस्लाम का अनिवार्य हिस्सा है। शाही इमाम ने कहा कि कुरान की सूरह कौसर में हुक्म दिया है कि नमाज पढ़ो और कुर्बानी करो। उन्होने कहा कि ईद उल अजहा कुर्बानी और अमन का पैगाम देती है। मौलाना फरंगी महली ने कहा कि बकरईद से बहुत बड़े पैमाने पर व्यापार को लाभ होता है और एक अंदाजे के अनुसार लगभग 20 लाख किसानों को इससे रोजगार मिलता है और लगभग दस हजार करोड़ का व्यापार जानवरों की खरीद व फरोख़्त से होता है। इस तरह करोड़ो गरीबों के लिए कई दिनों तक खाने का इन्तिजाम हो जाता है। मौलाना ने कुर्बानी के बाद साफ सफाई का खास ख्याल रखने की अपील की और ईद-उल-अजहा एडवाइजरी पर पूरी तरह से अमल करने की हिदायत दी। शाही इमाम ने मुसलमानों से अपील की कि प्रदूषण और वातवरण के सुधार के लिए हर मस्जिद में और हर मस्जिद के चारों तरफ पौधारोपण उच्च स्तर पर करना चाहिए क्यों कि रसूल पाक सल्ल0 का फरमान है कि जो भी एक पेड़ लगायेगा जब तक उससे इंसान और जानवर फायदा उठाते रहेगें उस पेड़ लगाने वाले को सवाब मिलता रहेगा। इमाम साहब ने कहा कि इस गर्मी से निजात के लिए हम सबको पेड़ों की हिफाजत करनी होगी और प्रदूषण कम करना होगा। मुसलमानों को अगर अपने देश में संवैधानिक अधिकार प्राप्त करना है और तरक्की करनी है तो हमें अपने बच्चों को उच्च से उच्च शिक्षा देने होगी। हमें अधिक से अधिक स्कूल कायम करने चाहिए।



# गला काटकर युवक की हत्या ,घर के बाहर मिला शव

**संवाददाता**

लखनऊ। रहीमाबाद थाना क्षेत्र में एक युवक की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान विजय उर्फ गप्पू के रूप में हुई है। घटना अहिंडर गांव की है। परिजनों ने रविवार तड़के देखा कि पप्पू का शव जमीन पर पड़ा है। मृतक के गले पर धारदार हथियार के वार किए गए थे। उसके चेहरे पर भी खरोंच के निशान थे। परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मृतक विजय उर्फ गप्पू करीब एक माह पहले हरियाणा से लौटकर आया था। वह मजदूरी करता था। मृतक के पिता की पहले ही मौत हो चुकी है। परिजनों ने बताया कि विजय की शादी हुई थी। उसकी पत्नी की एक साल पहले ही मौत हो गई थी। ग्रामीणों ने बताया कि विजय का गांव में किसी से विवाद नहीं है। उसकी हत्या क्यों की गई यह समझ में नहीं आ रहा है। मृतक के परिवार में मां सुंदरी, बड़ा भाई पप्पू है।

## बच्चों के पानी भरने के विवाद में महिला की हत्या तीन मजदूरों ने सीने-पेट पर ईंट से मारा, दबोचे गए

**संवाददाता**

लखनऊ। लखनऊ के बीकेटी में महिला की हत्या कर दी गई। पुलिस ने उसके शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पति की शिकायत पर तीन आरोपियों के खिलाफ गैरइरादतन हत्या की रिपोर्ट दर्ज की। तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। घटना इटौंजा स्थित ईंट भट्ठा पर हुई। भट्ठे पर परिवार के साथ रहने वाली 40 वर्षीय सुनीता के बच्चे नल पर पानी भर रहे थे। इस दौरान उनका अन्य मजदूरों के बच्चों से विवाद हो गया। बात बढ़ने पर दोनों पक्ष के बड़े लोग आपस में भिड़ गए। दूसरे पक्ष के लोगों ने ईंट से सुनीता के पेट और सीने पर ताबड़तोड़ वार कर दिया। वह गंभीररूप से घायल हो गई। उसे रामसागर मिश्र संयुक्त चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। शनिवार दोपहर करीब 12 बजे उसकी मौत हो गई। सुनीता के पति खेलावन माझी ने मामले में तहरीर दी।

## मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी ने गोरखपुर सूरजकुंड कल्याण मण्डपम के लोकार्पण किया

गोरखपुर। नगर निगम के वार्ड सूरजकुण्ड में कल्याण मण्डपम के लोकार्पण आयोजित कार्यक्रम मुख्य अतिथि उ० प्र० के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी ने फीता काटकर शुभारंभ किया। कार्यक्रम में डा०धर्मेंद्र सिंह सदस्य विधान परिषद सांसद रवि किशन शुक्ल ,सजनवा विधायक प्रदीप शुक्ला गोरखपुर महानगर अध्यक्ष देवेश श्रीवास्तव पूर्व अध्यक्ष राजेश गुप्ता महानगर मंत्री अजय श्रीवास्तव आज का महानगरी पदाधिकारीगण एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## शादी का झांसा देकर संबंध बनाए , अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर जेवर हड़पे

**संवाददाता**

लखनऊ। राजधानी में एक युवक ने नाबालिग लड़की को प्रेमजाल में फंसाया। शादी का झांसा देकर घर और होटल में बुलाकर रेप किया। वीडियो बनाकर ब्लैकमेल कर शारीरिक शोषण करने लगा। परिजनों का आरोप है कि आरोपी ने वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उनकी बेटी से घर के जेवर और नगदी भी ले ली। पुलिस ने परिजनों की तहरीर पर एफआईआर दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। नाका थाना प्रभारी वीरेंद्र त्रिपाठी के मुताबिक, पीड़िता के परिजनों ने तहरीर दी है। तहरीर में बताया है कि हाईस्कूल में पढ़ने वाली छात्रा से आते-जाते समय अशद नाम के युवक ने दोस्ती कर ली। उसके बाद अमीनाबाद मॉडल हाउस बैरूनी में मिलने लगा। उसके बाद मौका पाकर एक परिचित के घर ले जाकर रेप किया। रेप का वीडियो बना लिया।

## लोकतंत्र सेनानी हरीशंकर धीमान का निधन राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई

**संवाददाता**

लखनऊ। लखनऊ के वरिष्ठ लोकतंत्र सेनानी हरीशंकर धीमान का 75 वर्ष की आयु में निधन हो गया। रविवार को उनका अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव नया खेड़ा मजरा हरिहरपुर पटसा में राजकीय सम्मान के साथ किया गया। मोहनलालगंज के पूर्व सपा विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर ने अंतिम संस्कार में शामिल होकर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि हरीशंकर धीमान का जीवन लोकतंत्र के लिए संघर्ष और जनसेवा की मिसाल रहा है। प्रशासन की ओर से नायब तहसीलदार अनूप कुमार श्रीवास्तव, लेखपाल दीपक द्विवेदी और निगोहां कार्यवाहक थाना अध्यक्ष अमित वर्मा सहित अन्य अधिकारियों ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया। धीमान के परिवार में पत्नी प्रेमा देवी, तीन पुत्र रमेश प्रसाद, हरिराम, ब्रजकिशोर और पुत्री कलावती हैं। अंतिम संस्कार में कई लोकतंत्र सेनानी, समाजसेवी और स्थानीय गणमान्य नागरिकों सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे। सभी ने उनके लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए किए गए संघर्ष को याद करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

## 15 लाख के टीएमटी सरिया के साथ ड्राइवर गिरफ्तार, लखनऊ पुलिस ने मुंगेर से पकड़ा

**संवाददाता**

लखनऊ। लखनऊ पुलिस ने 30 टन टीएमटी सरिया की चोरी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी शमशेर राम मुंगेर, बिहार का रहने वाला है। घटना 14 मई 2024 की है। आरोपी ने अपने ट्रक पर फर्जी नंबर प्लेट लगाकर और जाली दस्तावेजों का इस्तेमाल कर दुगार्पुर स्थित नेपच्यून इस्पात प्राइवेट लिमिटेड से 30.260 टन टीएमटी सरिया लोड किया। माल की कीमत 15,37,639 रुपए थी। यह माल लखनऊ के कंसल रीसाइक्लिंग प्राइवेट लिमिटेड को पहुंचाना था। आरोपी ने अपने भाई नितीश कुमार राम के साथ मिलकर यह वारदात की। दोनों ने धनंजय ओझा के नाम से फर्जी ड्राइविंग लाइसेंस बनवाया। माल लोड करने के बाद सभी आरोपियों ने अपने मोबाइल फोन बंद कर दिए। रास्तऐ में कुछ सरिया बेच दिया।

## रोडवेज बस ने महिला-पुरुष को रौंदा मौत ,नशे में धुत ड्राइवर-कंडक्टर गिरफ्तार

**संवाददाता**

लखनऊ। लखनऊ के मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र में नशे में धुत रोडवेज बस चालक ने महिला और पुरुष को रौंद दिया। बेकाबू बस बिजली के पोल को तोड़ते हुए परचून की दुकान में घुस गई। महिला की उपचार के दौरान मौत हो गई। पुरुष का गंभीरावस्था में इलाज चल रहा है। हादसा रविवार सुबह आठ बजे बिंदौवा कट के आगे गौरा की तरफ नेशनल हाईवे पर हुआ। रायबरेली डिपो की बस (यूपी 33सीटी 2331) रायबरेली से लखनऊ की ओर जा रही थी। बस साइकिल सवार 50 वर्षीय उमेश गोस्वामी और पैदल जा रहीं 38 वर्षीय रामदेवी को रौंदते हुए बिजली के पोल से टकराई। बिजली का पोल टूटने से स्पीड थोड़ी कम हुई और बस परचून की दुकान में घुसकर रुकी। हादसे के बाद चीख-पुकार मच गई। बस में सवार करीब 20 लोग नीचे उतरकर भागे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने उनकी स्थिति गंभीर बताते हुए ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया। ट्रॉमा सेंटर में रामदेवी की मौत हो गई।

## लखनऊ विश्वविद्यालय में योग दिवस की तैयारी

**संवाददाता**

लखनऊ लखनऊ विश्वविद्यालय के योग विभाग में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 की तैयारियां शुरू हो गई हैं। योग सभागार में स्वास्थ्य एवं रोग प्रतिरोध क्षमता विकसित करने के लिए सामूहिक योगाभ्यास का आयोजन किया गया। फैकल्टी ऑफ योग एंड अल्टरनेटिव मेडिसिन के कोऑर्डिनेटर डॉ अमरजीत यादव ने स्वास्थ्य की महत्ता के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य के बिना किसी भी क्षेत्र में प्रगति संभव नहीं है। योग प्रशिक्षक डॉ राम किशोर ने प्रतिभागियों को विभिन्न आसनों का अभ्यास कराया।

## विधानसभा 264 बारा अंतर्गत विभिन्न विकास कार्यो हेतु भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष विभवनाथ भारती की अगुवाई में मा. उप-मुख्यमंत्री (स्वास्थ्य मंत्री) ब्रजेश पाठक जी सहित कई मंत्रियों से जनप्रतिनिधिमंडल ने की मुलाकात

प्रयागराज। भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष विभवनाथ भारती की अगुवाई में 264 बारा विधानसभा अंतर्गत विभिन्न विकास योजनाओं को लेकर जनप्रतिनिधि मंडल ने सूबे के उप-मुख्यमंत्री व(स्वास्थ्य मंत्री) श्री ब्रजेश पाठक जी सहित नगर विकास मंत्री श्री ए.के. शर्मा . कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही जी से मिला जिसमें संतोष त्रिपाठी जिला उपाध्यक्ष भाजपा यमुनापार सतीश विश्वकर्मा द्वारा नगर पंचायत शंकरगढ़ की निम्नलिखित जनसमस्याओं को निस्तारित करवाने का आग्रह किया गया जिसमे



1. नगर पंचायत शंकरगढ़ के मध्य स्थित महिला अस्पताल का जीर्णोद्धार सहित एक महिला डॉक्टर की तैनाती व 50 बेड का हाईटेक अस्पताल नवनिर्माण करवाना।
2. नगर में पहले प्राइवेट संचालित हो रही गल्ला मंडी शंकरगढ़ में स्थाई सरकारी गल्ला मंडी प्रारंभ करवाना
3. पेयजल, सी.सी.सड़क, नली सहित अन्य विभिन्न समस्याओं का प्रस्ताव दिया गया।
4. विद्युत संबंधी समस्त समस्याओं के निस्तारण का आग्रह किया गया जिसमें शिवराजपुर व्यापार मंडल की की समस्या मुख्य रूप से दी गई।
5. नगरीय एसी बस पुनः संचालन करने का आग्रह किया।

बता दें कि जनप्रतिनिधि मंडल मुलाकात में भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष संतोष त्रिपाठी जिला संयोजक श्रम प्रकोष्ठ सलिल तिवारी , जिला संयोजक आर्थिक प्रकोष्ठ श्याम मिश्रा रहे। मीडिया को यह जानकारी सतीश विश्वकर्मा जिला प्रमुख भाजपा आईटी सेल यमुनापार प्रयागराज ने दी।

# मायानगरी को छोड़ क्यों गांव में बस गए नाना पाटेकर, अभिनेता ने अमिताभ बच्चन को बताई वजह





दिग्गज अभिनेता नाना पाटेकर क्विज आधारित रियलिटी शो कौन बनेगा करोड़पति 17 में बतौर गेस्ट बनकर पहुंचे और हॉट सीट पर बैठे। इस दौरान उन्होंने अपने गांव लौटने और मायनगरी मुंबई से दूर रहने की वजह का खुलासा किया। शो के होस्ट अमिताभ बच्चन ने नाना पाटेकर से सवाल पूछा, आपने जीवन में इतना कुछ हासिल किया, फिर सब कुछ छोड़कर गांव क्यों चले गए? इस पर अपने दिल की बात साझा करते हुए नाना पाटेकर ने सादगी से जवाब देते हुए कहा, मैं फिल्म इंडस्ट्री से नहीं हूं। मैं बस यहां काम करने आता हूं और फिर वापस चला जाता हूं। मैं कभी किसी पार्टी में नहीं गया, न ही शहर में ज्यादा रुका। मैं गांव का हूं और वहीं रहना पसंद करता हूं। मुझे वहां की जिंदगी अच्छी लगती है। नाना ने भावुक होकर कहा, मुझे अपनी मां से जितना चाहिए था, उससे कई गुना ज्यादा मिला है। जरूरतें सीमित रखना बहुत आसान है। मेरे पास एसी नहीं है, क्योंकि मुझे उसकी जरूरत नहीं लगती। जैसे शहर में चारों तरफ दीवारें होती हैं, वैसे ही मेरे घर के चारों ओर पहाड़ हैं। पहाड़ों से घिरा हुआ मेरा घर है, और मैं वहीं आराम से रहता हूं। मुझे यह बहुत अच्छा लगता है। एपिसोड में नाना पाटेकर ने अभिनेत्री माधुरी दीक्षित की भी जमकर तारीफ की। शो में एक दर्शक ने जब नाना से पूछा कि फिल्म वजूद में माधुरी दीक्षित के साथ काम करने का उनका अनुभव कैसा रहा? तो उन्होंने कहा, माधुरी दीक्षित के साथ काम करना एक शानदार अनुभव रहा। वह एक बेहतरीन अभिनेत्री हैं, खूबसूरत हैं, कमाल की डांसर हैं, और उनमें वह सब कुछ है जो हर इंसान में होना चाहिए। मैं उन्हें बेहद सम्मान की नजरों से देखता हूं। शो में आगे दर्शकों ने नाना पाटेकर से फिल्म वजूद में माधुरी दीक्षित को सुनाई कविता कैसे बताऊं मैं तुम्हें से जुड़ा सवाल भी किया। इस पर मुस्कुराते हुए एक्टर ने जवाब दिया, वह कविता जावेद अख्तर साहब ने लिखी थी। उस फिल्म को लगभग 30-35 साल हो गए हैं, लेकिन यह कविता आज भी मुझे याद है। मैंने यह कविता माधुरी को सुनाई थी, इसलिए यह मेरे लिए भूलना मुश्किल है। आज भी ऐसा लगता है जैसे वह कविता मेरे खून में दौड़ रही हो। जब भी कोई मुझसे उस कविता के बारे में पूछता है, तो काफी सारी यादें दिल में ताजा हो जाती हैं। नाना पाटेकर शो में एक्टर उत्कर्ष शर्मा, एक्ट्रेस सिमरत कौर और लेखक-निर्देशक अनिल शर्मा के साथ आए थे।

## संडे ऑन साइकिल जागरूकता फैलाने के लिए बहुत महत्वपूर्ण अभिनेत्री मधुरिमा तुली

भारतीय रेलवे फिट इंडिया मूवमेंट के तहत साप्ताहिक संडे ऑन साइकिल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में किया गया। इस कार्यक्रम में अभिनेत्री मधुरिमा तुली, पर्वतारोही नरेंद्र कुमार और रेसलर अनिरुद्ध कुमार ने भी हिस्सा लिया।अभिनेत्री मधुरिमा तुली ने समाचार एजेंसी से बातचीत के दौरान कहा, मुझे इस आंदोलन का हिस्सा बनने पर बहुत गर्व है। फिट इंडिया मूवमेंट और संडे ऑन साइकिल जागरूकता फैलाने के लिए बहुत महत्वपूर्ण पहल हैं। खेल हमारी मानसिक और शारीरिक फिटनेस के लिए आवश्यक हैं। लोगों के उत्साह को देखने के बाद मुझमें भी ऊर्जा पैदा हो गई है। सबने एक स्वर में वंदे मातरम और भारत माता की जय के नारे लगाए। सरकार की यह पहल बहुत ही अच्छी रही है। हमें वर्कआउट करने का समय नहीं मिलता है। मेरी लोगों से अपील है कि हफ्ते में एक दिन अपने और स्वास्थ्य के लिए समय जरूर दें। काम चलता रहेगा, लेकिन कमाने के लिए भी शरीर के स्वस्थ रहने की जरूरत है। भगवान ने जिंदगी दी है तो इसका आनंद लेना चाहिए और इसके लिए स्वस्थ रहना बहुत जरूरी है। पर्वतारोही नरेंद्र कुमार कहते हैं, हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विचार को सभी तक पहुंचाना है। एक प्रतिभागी ने कहा, फिट



इंडिया मूवमेंट की ओर से शुरू किया गया फिट इंडिया मूवमेंट आज आस-पास के क्षेत्र में सक्रिय रूप से चल रहा है। आप देख सकते हैं कि कितने सारे लोग और युवा इसमें शामिल हुए हैं। इस आयोजन से समाज को स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का संदेश जाएगा। वहीं, गुजरात के अहमदाबाद रेलवे ने एक साइक्लोथॉन का आयोजन किया, जिसमें रेलवे कर्मचारियों ने साबरमती रेलवे कॉलोनी से क्रिकेट मैदान तक साइकिल चलाई और फिटनेस और स्वस्थ जीवन का संदेश दिया। एडीआरएम लोकेश कुमार ने कहा, फिट इंडिया मूवमेंट के तहत रविवार को साइकिल रैली का आयोजन किया गया। इसका संदेश लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता पैदा करना और स्वास्थ्य ही धन है इंडिया संडे ऑन साइकिल हमारे प्रधानमंत्री और खेल मंत्री मनसुख मंडाविया द्वारा शुरू किया गया एक आंदोलन है। पूरे भारत में हर रविवार को किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस बार का आयोजन रेलवे विभाग की तरफ से किया जा रहा है। जीवन में स्वास्थ्य की महत्वपूर्ण भूमिका होती है, इसलिए साइकिलिंग जरूरी है। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 29 अगस्त, 2019 को इंदिरा गांधी स्टेडियम में फिट इंडिया मूवमेंट का उद्घाटन किया था। यह एक राष्ट्रव्यापी आंदोलन है जिसका उद्देश्य लोगों को अपने दैनिक जीवन और दिनचर्या में शारीरिक गतिविधियों और खेलों को शामिल करके स्वस्थ रहने के लिए प्रोत्साहित करना है।

### सायरा बानो ने दी ईद-उल-अजहा की मुबारकबाद

## बोलीं- कुबूल हों सभी की दुआएं

बीते जमाने की मशहूर अभिनेत्री सायरा बानो ने ईद-उल-अजहा के मौके पर देशवासियों को मुबारकबाद दी। उन्होंने अपने संदेश में सहानुभूति, दया और एकता के महत्व को बताया। अभिनेत्री का मानना है कि यह त्योहार एकता के बंधन को मजबूत करने के साथ ही भाईचारे का भी संदेश देता है। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर वीडियो शेयर किया, जिसमें उनके दिवंगत पति, अभिनेता दिलीप कुमार के साथ अमिताभ बच्चन, सुभाष घई, ऋषि कपूर और रणबीर कपूर जैसे सितारे त्योहार का जश्न मनाते नजर आए। सायरा ने अपने संदेश में प्रशंसकों को मुबारकबाद देते हुए लिखा, ईद-उल-अजहा केवल एक त्योहार नहीं, बल्कि यह आस्था, विनम्रता और दया का प्रतीक है। उन्होंने



कैप्शन में लिखा, ईद-उल-अजहा का पवित्र महीना खुशियां लेकर आता है। आप सभी की दुआएं कुबूल हों। उन्होंने पैगंबर इब्राहिम और उनके बेटे इस्माइल की कहानी का जिक्र करते हुए बताया कि सच्चा बलिदान काम में नहीं, बल्कि इरादे और अल्लाह के प्रति समर्पण में होता है। सायरा ने सभी से अपने अहंकार, इच्छाओं को त्याग कर जीवन में सही उद्देश्य की ओर बढ़ने की अपील की। उन्होंने पुराने दिनों को याद करते हुए बताया कि पहले उनके और दिलीप कुमार के घर में ईद-उल-अजहा को लेकर एक अलग ही तरह की रौनक होती थी। घर में त्योहारी व्यंजनों की खुशबू, दुआ की आवाज और परिवार-दोस्तों के साथ बिताए खूबसूरत पल होते थे। उस दिन दोस्तों का आना-जाना लगा रहता था और पकवान बनते थे। सायरा ने बताया कि यह त्योहार न केवल खुशियां लेकर आता है बल्कि यह हमें जीवन में कई सीख भी देता है। उन्होंने बताया, यह त्योहार हमें जरूरतमंदों के प्रति दया और सहानुभूति दिखाने के लिए प्रेरित करता है। यह हमें भाईचारा और एकता के बंधन को मजबूत करने की सीख देता है। उन्होंने सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा, आपकी कुर्बानियां स्वीकार हों, प्रार्थनाएं सुनी जाएं और आपका दिल शांति व खुशी से भर जाए।

# हेयर स्टाइल में चार चांद लगाएंगी ये एक्सेसरीज, पुरानी चीजों से करें तैयार



अगर आप मंहगी हेयर एक्सेसरीज नहीं खरीदना चाहतीं तो घर में मौजूद पुराने रिबन, क्लिप्स और लेस से भी आकर्षक हेयर स्टाइल बनाकर अपने लुक को संवार सकती हैं।

आजकल महंगी हेयर एक्सेसरीज फैशन का हिस्सा बन गई हैं, लेकिन ये न केवल महंगी होती हैं, बल्कि बालों में फंसकर उन्हें नुकसान भी पहुंचा सकती हैं। ऐसे में घर में रखे पुराने रिबन, लेस और क्लिप्स से आप सुंदर डीआईवाई (डू इट योरसेल्फ) हेयर एक्सेसरीज बना सकती हैं। ये एक्सेसरीज बालों को बिना नुकसान पहुंचाए खूबसूरती से सजाती हैं और पारंपरिक तथा मॉडर्न, दोनों लुक में शानदार लगती हैं।अगर आप किसी त्योहार या शादी के फंक्शन के लिए तैयार हो रही हैं तो रिबन की चोटी आपके लुक में चार चांद लगा सकती है। इसके लिए आपको कोई भी पुराना लेस या रिबन लेना होगा, जो रंगीन और चमकीला हो तो बेहतर होगा। बालों के एक हिस्से में रिबन को अच्छी तरह फंसाएं और फिर सामान्य तरीके से चोटी बनाएं। इस तरह की चोटी न केवल सिंपल और आसान होती है, बल्कि यह आपके ट्रेडिशनल लुक को भी खास तथा आकर्षक बना देती है।

**क्लिप और लेस**

इसके लिए सबसे पहले क्लिप की सतह को साफ करें। फिर अपनी पसंद के रंगीन या मिरर वर्क वाले लेस को क्लिप के आकार के अनुसार काट लें। इसके बाद क्लिप पर गोंद की मदद से लेस को सावधानी से चिपकाएं। आप लेस के किनारों को थोड़ा फोल्ड करके क्लिप में बेहतर फिट कर सकती हैं। चाहें तो छोटे फूलों या मोतियों से भी क्लिप को और सजाया जा सकता है। इस तरह की सजावट क्लिप्स को ट्रेडिशनल और स्टाइलिश बनाती है, जो किसी भी खास मौके पर शानदार लगेगी।

**पोनीटेल बो**

ट्रेडिशनल हो या मॉडर्न, यह दोनों तरह के लुक के लिए परफेक्ट है, खासकर बच्चों पर यह ज्यादा आकर्षक लगता है। इसके लिए पहले हाई या लो पोनीटेल बनानी होगी, फिर रबर के चारों ओर लेस घुमाते हुए इसे कवर करें। अब आगे की ओर लेस से एक बो बना दें।

**जूड़ा पिन**

साधारण-सी प्लेन जूड़ा पिन को सजाकर आप अपने लुक में चार चांद लगा सकती हैं। इसके लिए आप रंगीन लेस को छोटे-छोटे फूलों के आकार में काट लें। अब इसके बीच में बटन या कार्टन के छोटे टुकड़े लगाएं, ताकि लेस से बने फूल सीधे रहें। अब फूलों को जूड़ा पिन के अंत में चिपका दें। इन्हें कुछ घंटों के लिए सूखने दें, ताकि ये अच्छी पकड़ बना लें। अब आप अपने जूड़े में इन्हें सजा सकती हैं और हर मौके पर खास दिख सकती हैं।

**बन में रिबन**

अगर आप त्योहार या शादी के किसी फंक्शन में साड़ी, सूट, लहंगा आदि जैसी ट्रेडिशनल ड्रेस पहन रही हैं तो इन कपड़ों पर बन में बंधा रिबन स्टाइल काफी आकर्षक लगेगा। इसके लिए आपको पहले सामान्य तरीके से बालों में बन बनाना होगा। घर में मौजूद कोई भी पुराना रिबन या लेस लेकर उसे अपने बालों पर लपेटना शुरू करें। पूरे बन को लेस से कवर कर दें। आखिर में किसी कोने में उसे रबर के नीचे दबा दें या फिर जूड़ा पिन की मदद से उसे फिक्स करें।

**ट्रेडिशनल हेयरबैंड**

आप अपने किसी भी पुराने हेयरबैंड पर घर में मौजूद लेस चिपका कर एक आकर्षक और सुंदर ट्रेडिशनल हेयरबैंड तैयार कर सकती हैं। अगर आपके पास मिरर वर्क वाले या रंगीन लेस हैं तो वे और भी ज्यादा खूबसूरत दिखेंगे। इस सजाए हुए हेयरबैंड को त्योहार, शादी या किसी खास अवसर पर खुले बालों के साथ कैरी करें या बाल बांध कर सामने के हिस्से को बैंड से सजाएं, खासकर छोटी बच्चियों पर यह हेयरबैंड बहुत ही प्यारा और मनमोहक लगता है।


## नाबालिग बच्चा करे प्यार-मोहब्बत की बातें तो माता-पिता को करना चाहिए ये काम



यदि आपका बच्चा भी प्यार-मोहब्बत की बातें करता है, तो माता-पिता को उनपर गुस्सा करने की जगह उनसे बात करनी चाहिए। यहां हम आपको उसके लिए कुछ टिप्स देने जा रहे हैं। एक उम्र में आते-आते बच्चों के दिमाग में तमाम तरह के सवाल उठने लगते हैं। खासतौर पर जैसे-जैसे बच्चे टीनएज उम्र की तरफ बढ़ते हैं, वैसे -वैसे उन्हें फिजिकल और मेंटल चेंजेज से होकर गुजरना पड़ता है। ऐसे में वो प्यार की तरफ भी अट्रैक्ट होते हैं इस दौरान माता-पिता को घबराने या गुस्सा करने की बजाय समझदारी से पेश आना चाहिए। ये उम्र भावनात्मक विकास का एक सामान्य हिस्सा है। इस दौरान पैरेंट्स को जिन बातों के बारे में ध्यान रखना चाहिए, हम आपको यहां उसी बारे में जानकारी देने जा रहे हैं।

दि आपने अपने बच्चे को प्यार-मोहब्बत की बातें करते सुना है तो तुरंत रिएक्ट न करें। पहले अपने बच्चे की बातों को अच्छ तरह से सुनें। बच्चे ने अगर आपसे कुछ शेयर किया है, तो यह विश्वास की निशानी है। यदि आप तुरंत गुस्से में कुछ प्रतिक्रिया देते हैं तो हो सकता है, भविष्य में वो आपसे कभी कुछ साझा न करे।यदि आपका बच्चा प्यार-मोहब्बत की बातें कर रहा है, तो उसपर एकदम से बरसने की जगह उससे दोस्ती का रिश्ता बनाएं। जब ये रिश्ता मजबूत हो जाएगा तो आपका बच्चा आपसे खुलकर बात कर सकेगा।दोस्ती होने के बाद आप गलत दिशा में जाने से पहले उसे गाइड कर सकेंगे।दोस्ती का रिश्ता बनाने के बाद अपने बच्चे से बात करें। पहले उसकी बात को ध्यान से सुनें। उससे प्यार से पूछें कि वो क्या महसूस कर रहा है। कई बार बच्चों को आकर्षण ही प्यार लगता है। ऐसे में उन्हें आकर्षण और प्यार में फर्क समझाएं। उन्हें प्यार का मतलब समझाएं। बात करते-करते उन्हें ये बताएं कि प्यार की एक उम्र होती है और अभी फिलहाल उनके लिए आत्म-सम्मान, पढ़ाई और खुद की सेहत सबसे पहले हैं।

## तंत्रिका तंत्र की समस्याओं के क्या कारण हैं? नर्वस सिस्टम को कैसे स्वस्थ रखें, डॉक्टर से जानिए



तंत्रिका तंत्र यानी नर्वस सिस्टम शरीर के कई कार्यों के लिए महत्वपूर्ण हैं। शरीर की यही संचार प्रणाली हमें सोचने, महसूस करने, चलने और किसी आक्समिक घटना से तुरंत कैसे बचें, इसमें मदद करती है। इसे कैसे स्वस्थ रखें?

हमारे शरीर की सभी गतिविधियां बेहतर तरीके से जारी रहें, सभी अंग ठीक से काम करते रहें, इसमें तंत्रिका तंत्र यानी नर्वस सिस्टम की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। तंत्रिका तंत्र हमारे शरीर का एक जटिल नेटवर्क है जो मस्तिष्क, रीढ़ की हड्डी और शरीर के विभिन्न भागों के बीच संकेतों को संचारित करता है जिससे शरीर के सभी कार्य निरंतर होते रहें। शरीर की यही संचार प्रणाली हमें सोचने, महसूस करने, चलने और किसी आक्समिक घटना से तुरंत कैसे बचें, इसमें मदद करती है।शरीर के अन्य हिस्सों की ही तरह तंत्रिका तंत्र में भी कई तरह की समस्याएं होने का खतरा रहता है जिसे लेकर सभी लोगों को विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी जाती है। कई कारण है जो तंत्रिका तंत्र को प्रभावित करने वाले हो सकते हैं, इनसे बचाव करते रहना जरूरी है।स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं, कई बार हमारी गड़बड़ आदतें भी तंत्रिका तंत्र के लिए दिक्कतें बढ़ाने लगती हैं। उदाहरण के लिए नशे की आदत जैसेझ शराब-धूमपान करने वाले लोगों में इसका खतरा अधिक हो सकता है। इसके अलावा सिर में चोट के कारण ब्रेन या स्पाइनल कॉर्ड को नुकसान होता है जिससे तंत्रिकाएं प्रभावित होती हैं।कुछ अध्ययन बताते हैं कि विटामिन बी12 की कमी से न्यूरोलॉजिकल डिसऑर्डर हो सकता है। वहीं जिन लोगों का ब्लड प्रेशर और शुगर लेवल कंट्रोल नहीं रहता है उनमें भी तंत्रिकाओं से संबंधित समस्या होने का खतरा अधिक देखा जाता रहा है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं आप आहार में कुछ विटामिन्स और पोषक तत्वों को शामिल करके नर्वस सिस्टम को स्वस्थ बनाए रख सकते हैं। तंत्रिकाएं मस्तिष्क से संदेशों को मांसपेशियों और अन्य ऊतकों तक पहुंचाती हैं। ये रक्त परिसंचार से लेकर हार्मोन्स को आगे तक पहुंचाने सहित शरीर के अन्य जरूरी काम भी करती हैं। ऐसे में इनका सेहतमंद रहना बहुत जरूरी है।नर्वस सिस्टम के स्वस्थ रहने से आप अपने नियमित कार्यों, जैसे कि चलना- फिरना, महसूस करना, दौड़ना, याद रखने की क्षमता आदि को आसानी से कर पाने में सक्षम होते हैं।अमीनो एसिड तंत्रिका कोशिकाओं की मरम्मत और रखरखाव में मदद करता है, साथ ही तंत्रिका कोशिकाओं को ऑक्सीडेटिव क्षति से बचाता है। अमीनो एसिड थायरॉयड हार्मोन के उत्पादन में भी मदद करता है, जो तंत्रिका विकास और उसके कार्यों के लिए जरूरी है।

# हेजलवुड को डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए प्लेइंग-11 में जगह बनाने का भरोसा




**एजेंसी**

नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड को भरोसा है कि वह अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ लय में चल रहे हैं। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ लॉर्ड्स में होने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के लिए प्लेइंग-11 में जगह बनाने का भरोसा जताया। ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ लॉर्ड्स में 11 जून से डब्ल्यूटीसी का खिताबी मुकाबला खेला जाएगा। हेजलवुड आईपीएल 2025 सीजन के खत्म होने के बाद जोश इंग्लिस के साथ देर से इंग्लैंड पहुंचे हैं। हेजलवुड आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) टीम का हिस्सा थे जिसने फाइनल में पंजाब किंग्स को हराया था। हेजलवुड ने आईपीएल 2025 में 22 विकेट लिए थे और टीम को मिली खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाई थी। वह अब लाल गेंद प्रारूप की तैयारियों में जुट गए हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के वैकल्पिक ट्रेनिंग सीजन में पांच ओवर तक गेंदबाजी की। अगर हेजलवुड अच्छी लय में दिखेंगे तो स्कॉट बोलैंड की जगह उन्हें प्लेइंग-11 में तरजीह दी जा सकती है। 2023 में एशेज सीरीज से टेस्ट प्रारूप में वापसी के बाद से हेजलवुड शानदार फॉर्म में चल रहे हैं।

उन्होंने 13 मैचों में 19.68 के औसत से 57 विकेट लिए हैं। हेजलवुड ने कहा, 2023 में मैं काफी करीब था। इससे पहले आईपीएल में मुझे कुछ दिक्कतों का सामना करना पड़ा था और उसके बाद कुछ छोटी-मोटी समस्याएं भी हुईं, इसलिए मैं पूरी तरह से स्वस्थ नहीं था, लेकिन इस बार मैं बेहतर स्थिति में महसूस कर रहा हूं।

हेजलवुड ने कहा, मुझे लगता है कि किसी भी प्रारूप में मेरे आंकड़े पिछले दो वर्षों में अच्छे रहे हैं और कौशल के मामले में भी मैंने प्रगति की है। मुझे अब भी लगता है कि मैं अपने करियर की शायद सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी कर रहा हूं और यह सिर्फ शरीर के टिके रहने की बात है, जैसा कि पिछले कुछ महीनों से हो रहा है। हम निश्चित रूप से ट्रेनिंग में इस तरह से ढल रहे हैं कि लगातार दो दिन अभ्यास कर सकें, एक बड़ा दिन बिता सकें, उसके अगले दिन एक और गेंदबाजी सत्र और इस तरह की अन्य चीजें कर सकें, ताकि हम खुद को सर्वश्रेष्ठ स्थिति में रख सकें।हेजलवुड को उम्मीद है कि आईपीएल के थोड़ी देरी से समाप्त होने से उनकी तैयारी पर कोई असर नहीं पड़ेगा। वह डब्ल्यूटीसी फाइनल से पहले लाल गेंद की पर्याप्त ट्रेनिंग लेने के प्रति आश्वस्त हैं। उन्होंने कहा, अहमदाबाद में आईपीएल फाइनल से पहले मैंने कुछ ओवर अच्छी गेंदबाजी की थी। वहां की तुलना में यहां मौसम अलग है। यह काफी कठिन सत्र था और फिर जब भी आप आईपीएल में कोई मैच खेलते हैं, तो आपको शायद वॉर्म-अप के साथ लगभग सात या आठ ओवर खेलने को मिलते हैं।

## नीदरलैंड के खिलाफ वापसी करने उतरेगी भारतीय पुरुष हॉकी टीम

**एजेंसी**

नई दिल्ली। भारत को अगर शीर्ष स्थान की दौड़ में बने रहना है तो उसे सोमवार को होने वाले महत्वपूर्ण मुकाबले में आखिरी समय में गोल खाने से बचना होगा। भारतीय पुरुष हॉकी टीम एफआईएच प्रो लीग मुकाबले में वापसी करने के इरादे से उतरेगी। भारत को शनिवार को नीदरलैंड के खिलाफ 1-2 से हार का सामना करना पड़ा था जिससे वह प्रो लीग की तालिका में चौथे स्थान पर खिसक गई थी। भारत को अगर शीर्ष स्थान की दौड़ में बने रहना है तो उसे सोमवार को होने वाले महत्वपूर्ण मुकाबले में आखिरी समय में गोल खाने से बचना होगा। नीदरलैंड नौ मैचों में 17 अंक लेकर शीर्ष पर है। उसके बाद इंग्लैंड (आठ मैचों में 16 अंक), बेल्जियम (आठ मैचों में 16 अंक) और भारत (नौ मैचों में 15 अंक) का नंबर आता है। प्रो लीग का यूरोपीय चरण भारत के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। शीर्ष स्थान पर रहने से भारत अगले साल बेल्जियम और नीदरलैंड की संयुक्त मेजबानी में होने वाले विश्व कप के लिए सीधे क्वालिफाई कर जाएगा।

## एनसीएलएटी ने आकाश शेयरधारिता विवाद में बायजू की याचिका खारिज की

**एजेंसी**

नई दिल्ली। 27 मार्च को एनसीएलटी ने अपने आदेश में आकाश एजुकेशनल सर्विसेज द्वारा इक्विटी फंड जुटाने की योजना के तहत शेयरधारिता में बदलाव न करने और यथास्थिति बनाए रखने का अंतरिम आदेश दिया था। बायजू ने इस आदेश के खिलाफ एनसीएलएटी की चेन्नई पीठ का रुख किया था।राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण (ठउछअळ) ने बायजू द्वारा आकाश शेयरधारिता मामले में दायर याचिका को खारिज कर दिया है। यह याचिका समाधान पेशेवर थिंक एंड लर्न द्वारा दायर की गई थी। बायजू का मालिकाना हक इसी कंपनी के पास है। याचिका में आकाश एजुकेशनल सर्विसेज में कंपनी की हिस्सेदारी के संबंध में यथास्थिति बनाए रखने के एनसीएलटी के आदेश को चुनौती दी गई थी।एनसीएलएटी की दो सदस्यीय पीठ ने कहा कि चूंकि एनसीएलटी (ठउछळ) का आदेश सहमति से दिया गया एक अंतरिम आदेश है, जो दोनों पक्षों के किसी भी अधिकार पर कोई फैसला नहीं है, इसलिए इस स्तर पर अपीलीय न्यायाधिकरण द्वारा हस्तक्षेप की जरूरत नहीं है। 27 मार्च को एनसीएलटी ने अपने आदेश में आकाश एजुकेशनल सर्विसेज द्वारा इक्विटी फंड जुटाने की योजना के तहत शेयरधारिता में बदलाव न करने और यथास्थिति बनाए रखने का अंतरिम आदेश दिया था। बायजू ने इस आदेश के खिलाफ एनसीएलएटी की चेन्नई पीठ का रुख किया था।इस आदेश को आकाश ने कर्नाटक उच्च न्यायालय के समक्ष चुनौती दी, जिसने दोनों पक्षों को सुनने के बाद 8 अप्रैल, 2025 को एनसीएलटी द्वारा दिए गए अंतरिम आदेश को खारिज कर दिया और मामले को दिवालियापन न्यायाधिकरण को वापस भेज दिया। 30 अप्रैल, 2025 को अपनी अगली सुनवाई में इसे एनसीएलटी के संज्ञान में लाया गया, जहां समाधान पेशेवर के वरिष्ठ वकील अभिनव वशिष्ठ ने आरोप लगाया कि न केवल आकाश में टीएलपीएल (बायजू) की शेयरधारिता में कमी जारी है, बल्कि कंपनी की महत्वपूर्ण संपत्ति भी गिरवी रखी गई है। साल 2021 में बायजू ने एक प्रमुख टेस्ट तैयारी कंपनी आकाश का अधिग्रहण किया था। इसके बाद, जब बायजू को दिवालिया कार्यवाही का सामना करना पड़ा और रंजन पई के मणिपाल समूह ने आकाश में 40% हिस्सेदारी हासिल कर ली, तो आकाश ने 500 करोड़ रुपये की नई पूंजी जुटाने के लिए अपने एसोसिएशन के लेखों (अङ्कअ) में संशोधन का प्रस्ताव रखा। आकाश ने कहा है कि यह धन उगाहना उसके अस्तित्व के लिए महत्वपूर्ण है और ऑफलाइन कोचिंग सेंटरों के अपने नेटवर्क में परिचालन लागत को कवर करने के लिए इसकी जरूरत है।इ खव'र ने प्रस्तावित परिवर्तनों का विरोध किया, चेतावनी दी कि इससे उसके आकाश में स्वामित्व में और कमी आ सकती है।

## तय कार्यक्रम के अनुसार भारत आएंगे लियोनल मेसी

**एजेंसी**

नई दिल्ली। केरल के खेल मंत्री वी अब्दुरहीमान ने उन खबरों को खारिज कर दिया जिसमें बताया जा रहा था कि अर्जेंटीना की फुटबॉल टीम ने केरल का अपना निर्धारित कर दिया है।



अब्दुरहीमान ने स्पष्ट किया कि लियोनल मेसी और उनकी टीम तय कार्यक्रम के अनुसार केरल आएगी। उन्होंने बताया कि प्रायोजक ने इस आयोजन के लिए मैच फीस का भुगतान कर दिया है। अब्दुरहीमान ने कहा कि अर्जेंटीना की टीम के इस साल अक्तूबर-नवंबर में आने की अधिक संभावना है। इस दौरे के दौरान टीम को सरकारी मेहमान की सुविधाएं मिलेंगी। सरकार उनकी सुरक्षा, आवास और अन्य सुविधाओं का खर्च भी उठाएगी। मीडिया के एक वर्ग में ऐसी खबरें थी कि अर्जेंटीना की टीम ने केरल का अपना निर्धारित दौरा रद्द कर दिया है क्योंकि प्रायोजकों ने अनुबंध के नियमों का उल्लंघन किया है।

# सूर्या के चार बास्केट से महामना क्लब की जीत

**एजेंसी**

नई दिल्ली। वाराणसी के खिलाफ जिले से बाहर जाकर अपना शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। स्वीमिंग, बास्केटबॉल, फुटबॉल, हैंडबॉल, क्रिकेट सहित आदि खेल प्रतियोगिताएं वाराणसी में भी आयोजित हो रही हैं। इसमें जीते हुए खिलाड़ियों को सम्मानित किया जा रहा है। बीएचयू कैंपस के एंफीथियेटर मैदान पर सीनियर वर्ग के मैच में सूर्या के चार बास्केट की मदद से महामना क्लब ने जीत हासिल की। मैदान पर बास्केटबॉल का शिविर भी लगा है। इसमें सुबह के समय सब जूनियर वर्ग के खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। विश्वविद्यालय क्रीड़ा परिषद के सहायक सचिव डॉ. धीरेंद्र तिवारी ने बताया कि महामना क्लब ने पटेल क्लब को दो सेट 11-5, 11-7 से शिकस्त दी। दोनों टीम के सनी, सौरभ, सूर्या, विशाल चारों खिलाड़ी सीनियर वर्ग के राष्ट्रीय मुकाबले खेल चुके हैं। बताया कि शिविर में 30 खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। खिलाड़ियों को ले-अप शॉर्ट, पॉइंट और शूटिंग गार्ड, पावर फॉरवर्ड और सेंटर से बास्केट करने का अभ्यास कराया गया। इसके अलावा पास और ड्रीबलिंग की जानकारी देने के साथ ही मैचों का अभ्यास कराया जा रहा है। लखनऊ में होने वाली प्रादेशिक तैराकी प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए काशी के 61 तैराक तीन अलग-अलग पूलों में प्रशिक्षण ले रहे हैं। जिला तैराकी संघ के सचिव शंभु प्रसाद ने बताया कि खिलाड़ियों का चयन ट्रायल जून के तीसरे सप्ताह में होगा। चयनित खिलाड़ी तैराकी में वाराणसी मंडल का प्रतिनिधित्व करेंगे। इन तैराकों में राष्ट्रीय और प्रादेशिक प्रतियोगिता में जीतने वाले 42 तैराक हैं। विश्वविद्यालय क्रीड़ा परिषद की सहायक निदेशक डॉ. कविता वर्मा



ने बताया कि बीएचयू स्वीमिंग पूल में 17 खिलाड़ी प्रशिक्षण ले रहे हैं। कनाई चंद तालापात्रा ने बताया कि सिगरा स्टेडियम में सब जूनियर और जूनियर वर्ग के 30 खिलाड़ी अभ्यास कर रहे हैं। खिलाड़ियों को फ्रीस्टाइल, बटरफ्लाई, मेडले का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। बेरका के जनसंपर्क अधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि बेरका में सब जूनियर 6 और जूनियर वर्ग में 8 खिलाड़ी प्रशिक्षण ले रहे हैं। सरस्वती स्वीमिंग एसोसिएशन की ओर से शनिवार को विश्व सुंदरी पुल से दरभंगा घाट के बीच तैराकी प्रतियोगिता हुई। 10 किलोमीटर की सबसे लंबी प्रतियोगिता में विश्वनाथ आनंद ने पहला स्थान हासिल कर गंगा श्री उपाधि का खिताब अपने नाम किया। महिलाओं की अस्सी घाट से दरभंगा घाट तक की तैराकी प्रतियोगिता में गायत्री और 20 मीटर दूरी की प्रतियोगिता में अंशु ने बाजी मारी। एसोसिएशन की ओर से 89वीं वार्षिक जिला स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता में जिले के 50 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। 10 किलोमीटर लंबी प्रतियोगिता शुरूआत सोनाली राय चौधरी और सोमा चटर्जी ने हरी झंडी दिखाकर किया। महिलाओं की अस्सी घाट से दरभंगा घाट तक की तैराकी प्रतियोगिता में गायत्री ने पहला, पूजा निषाद ने दूसरा और शिखा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। गंगा आर-पार प्रतियोगिता के महिला वर्ग में पूजा साहनी पहले, शिखा दूसरे और किरण साहनी तीसरे स्थान पर रहीं। प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण 8 जून को किया जाएगा। दक्षिण कोरिया से विश्व पैरा निशानेबाजी में दो स्वर्ण और एक कांस्य पदक जीतकर लौटीं सुमेधा पाठक का काशीवासियों ने एयरपोर्ट से दुगाकुंड तक 25 किलोमीटर में पांच स्थानों पर स्वागत किया। काशी की बेटी सुमेधा का बाबतपुर एयरपोर्ट, कैंट, कमच्छ और उनके आवास पर सैकड़ों लोगों ने स्वागत किया। काशी की बेटी सुमेधा पाठक ने 10 मीटर पिस्टल की टीम स्पर्धा में 1695 अंक हासिल कर वर्ल्ड रिकॉर्ड, 10 मीटर एकल स्पर्धा में स्वर्ण और मिक्स में कांस्य पदक जीता है। कानपुर जिला बैडमिंटन एसोसिएशन व क्षेत्रीय क्रीड़ा निदेशालय कानपुर की ओर से यूपी स्टेट जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप ग्रीनपार्क स्टेडियम में चल रही है। बालिका एकल वर्ग में गोरखपुर की आदित्या यादव ने वाराणसी की याना गुप्ता को 30-23 से हराया। जीएम दिनेश कटियार, डॉ. एके अग्रवाल, डीपी सिंह, महीप सक्सेना मौजूद रहे। सीतापुर में प्रादेशिक रग्बी खेली जाएगी। जुलाई माह में प्रस्तावित प्रतियोगिता के लिए बालिका वर्ग की 30 खिलाड़ी परमानंदपुर मिनी स्टेडियम में रोज तीन घंटे अभ्यास कर रही हैं। रग्बी कोच अवनीश पाल ने बताया कि प्रादेशिक प्रतियोगिता जुलाई माह में खेली जाएगी। इसकी शुरूआत सीतापुर से होगी। बालिका वर्ग की खिलाड़ियों को बिना साइड पास दिए बॉल को लॉन्ग किक की मदद से ट्राई करने की जानकारी दी जा रही है भारतीय हॉकी टीम की खिलाड़ी पूजा यादव ने यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा पास कर ली है। उन्होंने बताया कि लखनऊ में आयोजित क्वालीफाइंग परीक्षा पास कर ली है। अब फिजिकल और मेडिकल क्लियर करना है। पूजा यादव ने गंगापुर हॉकी एकेडमी से खेलों में कॅरिअर की शुरूआत की थी। उन्हें हॉकी एकेडमी के प्रदीप सिंह, माता प्रसाद, जयप्रकाश राजभर ने बधाई दी है।

# लखनऊ उत्तर प्रदेश में कुछ तथा कथित पत्रकार कर रहे हैं सरकारी विभागों में ब्लैकमेलिंग सूत्रों के हवाले से खबर

राज किशोर बारी संवादाता, लखनऊ, । आजकल जहाँ साइबर क्राइम का दौर चल रहा है यहाँ तक डिजिटल अरेस्ट की घटनाये घटित हो रही है जिससे पूरे समाज मे एक दहशत का माहौल बन चुका है। किसी भी प्रकार की एक अज्ञात फोनकाल,व्हाट्सएप कॉल से इंसान दहशत के करण डिप्रेशन मे चला जाता है।




ऐसा ही कुछ बलरामपुर चिकित्सालय के तीन कर्मचारियों के साथ घटित हुआ। पीड़ित धर्मेन्द्र भारती, दिलीप कुमार एवं रवि कुमार पुत्र सालिकराम अनुसार कुछ कथित पत्रकार उनकी छवि धूमिल करने के उद्देश्य से वाट्सअप ग्रुपों और सोशल मीडिया x पर के प्लेट फार्म पर तथ्यहीन, भ्रामक एवं बिना किसी साक्ष्य के पोस्ट लिखकर वायरल कर रहे हैं। जिससे उनकी छवि धूमिल हो रही है। पीड़ितों के अनुसार ऐसा करने से उन तीनो को मानसिक प्रताड़ना से गुजारना पड़ रहा है। तीनो पीड़ितो ने कहा की उनको सोशल मीडिया के जरिये लगातार प्रताड़ित किया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा की उनके पास व्हाट्सएप चैट के स्नेप शॉट्स सेव है। पीड़ितो ने कहा कि व्हाट्सएप्प मैसेज भेजनें के बाद उसको तुरंत दूसरी ओर से डिलीट कर दिया जाता है।तीनो पीड़ितो ने कहा कि उनको एक तरह से ब्लैक मेल करने की कोशिश लगातार की जा रही है। तीनो पीड़ित इस प्रकरण मे प्रशासनिक कार्रवाई की तैयारी कर रहे है।फिलहाल तीनो पीड़ित मानसिक अवसाद से गुजार रहे है और उनका परिवार भी डर के माहौल मे जीने को मजबूर है। उन्होंने बंद शब्दों मे कहा कि भ्रामक खबरों के करण उनकी छवि धूमिल होती है और समाज एवं परिवार की प्रताड़ना मिलती है तो वे आत्महत्या भी कर सकते है। ऐसे में लग रहा है पूरे उत्तर प्रदेश के सरकारी विभागों पर कुछ लोगों के द्वारा गलत पोस्ट करके ब्लैकमेलिंग का कार्य किया जा रहा है अब देखना यह दिलचस्प होगा उत्तर प्रदेश सरकार सरकारी कर्मचारियों की कैसे सुरक्षा करती है।

# सीएमओ ने सीएचसी शंकरगढ़ और जसरा का किया औचक निरीक्षण, व्यवस्थाओं को लेकर दिए कड़े निर्देश

शंकरगढ़, प्रयागराज। मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. अरुण कुमार तिवारी ने गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शंकरगढ़ और जसरा का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अस्पतालों की व्यवस्थाओं का गहन परीक्षण करते हुए सीएमओ ने साफ शब्दों में कहा कि किसी भी प्रकार की अनियमितता या लापरवाही पर संबंधित कर्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान डॉ. तिवारी के साथ उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. इंजी. एसपी सिंह, डॉ. अजय कुमार, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी अनुराग सिंह, वरिष्ठ सहायक सुभाष राय, डब्लूएचओ प्रतिनिधि जितेंद्र मौर्य, बीसीपीएम विजय तिवारी सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।



**शंकरगढ़ सीएचसी में हुई गहन जांच**

शंकरगढ़ सीएचसी के निरीक्षण में स्टाफ की उपस्थिति, दवा वितरण व्यवस्था, वार्डों की स्थिति, सफाई व्यवस्था, प्रसव कक्ष, ओपीडी, पैथोलॉजी, कोविड टीकाकरण कक्ष, आयुष्मान कक्ष, लैब, एक्सरे कक्ष, जनरेटर कक्ष और पेयजल व्यवस्था की विस्तृत जांच की गई। सीएमओ ने मरीजों से सीधे संवाद कर अस्पताल की सुविधाओं के बारे में फीडबैक भी लिया।

**जसरा सीएचसी में भी व्यवस्थाओं का लिया जायजा**

इसके बाद सीएमओ की टीम जसरा सीएचसी पहुँची, जहाँ साफ-सफाई, चिकित्सकों की उपस्थिति, लेबर रूम, ओपीडी, एक्सरे कक्ष, पैथोलॉजी, दवा वितरण, स्टोर रूम, जनरेटर, जल व्यवस्था, रिकॉर्ड पंजीकरण, मरीजों की संख्या और रेफरल की स्थिति का निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के अंत में सीएमओ ने स्पष्ट निर्देश दिए कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक मरीज को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएँ। किसी भी स्तर पर लापरवाही या मरीजों की उपेक्षा बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# प्रयागराज शंकरगढ़ विकासखंड में पानी की समस्या ने लिया विकराल रूप

प्रयागराज। ग्रामीणों ने व भारतीय किसान यूनियन आजाद हिन्द ने ब्लॉक मुख्यालय में दिया था अनिश्चितकालीन जल आंदोलन धरना भारतीय किसान यूनियन आजाद हिन्द की मांग है कि दो महीने से अधिक समय से अधिकारियों को प्रार्थना पत्र के माध्यम से समस्या का समाधान करने का अनुरोध किया था लेकिन जिम्मेदार अधिकारी समाधान करने में रहे थे विफल लापरवाह अधिकारियों की मनमानी और भ्रष्टाचार के कारण पानी की समस्या हुई जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई और पानी की समस्या का स्थायी समाधान की मांग



**किसान नेता राकेश त्रिपाठी का था बयान:**

"पानी की समस्या के समाधान के लिए हमारा संघर्ष जारी रहेगा। हमारी मांगें न केवल जायज हैं, बल्कि यह हमारे अस्तित्व की लड़ाई है। सरकार को चाहिए कि वह हमारी समस्याओं को गंभीरता से ले और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करे। हम शांतिपूर्ण तरीके से अपना विरोध जारी रखेंगे और अपने अधिकारों के लिए लड़ते रहेंगे।"

# प्रतीक के बल्लेबाजी और आरुष के गेंदबाजी से जीता नीना थापा क्रिकेट एकेडमी

गोरखपुर। यूनिटी सुपर सीरीज अंडर - 16 सीजन -2 ( 2025 ) का पहला मैच हॉक स्पोर्ट्स और नीना थापा क्रिकेट एकेडमी के बीच हॉक स्पोर्ट्स माउंट लिट्रा जी स्कूल कुसमी के ग्राउंड पर खेला गया। जिसमें नीना थापा क्रिकेट एकेडमी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। हॉक स्पोर्ट्स पहले बल्लेबाजी करते हुए 31.3 ओवरों में 149 रनों पर ऑल आउट हो गई। जिसमें सुमीत पासवान ने 37 रन, अर्णव निषाद ने 15 रन, अनुज कुमार,प्रिंस निषाद और आर्यन चौहान ने 13 -13 रनों का योगदान दिया। नीना थापा क्रिकेट एकेडमी कि तरफ से गेंदबाजी करते हुए आरुष कुमार ने 5 विकेट, अद्वय यादव ने 2 विकेट और केशव सिंह ने एक विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी नीना थापा क्रिकेट एकेडमी मात्र 27.4 ओवरों में दो विकेट के नुकसान से 152 रन बनाकर मैच जीत लिया। कप्तान प्रतीक कुमार ने नाबाद 87 रनों कि पारी खेली और गोलू गुप्ता ने 32 रन, करण कुमार ने 15 रन, और सत्यम सिंह ने नाबाद 5 रनों का योगदान दिया। हॉक स्पोर्ट्स कि तरफ से गेंदबाजी करते हुए अमन यादव और पार्थ यादव ने एक - एक विकेट लिया। नीना थापा क्रिकेट एकेडमी ने 8 विकेट से मैच जीत कर सीरीज में 1-0 बढ़त बनाई। इस मैच का मैन ऑफ द मैच का ट्रॉफी कोच त्रयंबक शुक्ला जी के हाथों कप्तान प्रतीक कुमार को दिया गया।



# पर्यावरण दिवस के अवसर पर बीआरडी मेडिकल कॉलेज वूमेंस क्लब द्वारा वृक्षरोपण कार्यक्रम

गोरखपुर। बीआरडी मेडिकल कॉलेज परिसर गोरखपुर में बीआरडी वूमेन क्लब



के द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री मा०योगी आदित्यनाथ जी के जन्मदिन के अवसर पर मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के यशस्वी प्रदेश उपाध्यक्ष/विधान परिषद सदस्य आदरणीय डॉ0 धर्मेंद्र सिंह जी ने वृक्ष लगाकर उनके यशस्वी,स्वस्थ व दीघार्यु होने की कामना की। उक्त अवसर पर क्षेत्रीय उपाध्यक्ष श्री विश्वजीताशु सिंह आशु जी, डॉ ज्ञानेंद्र सिंह, बीआरडी मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ रामकुमार जायसवाल जी, डॉ0 अजीत प्रताप सिंह जी, डॉ0 पवन जयसवाल जी, कर्मचारी संघ के अध्यक्ष मदन मोहन यादव सहित सम्मानित लोग उपस्थित रहे।

# निजीकरण को लेकर पावर कार्पोरेशन प्रबंधन से पांच सवाल

**संवाददाता**

लखनऊ। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश के बैनर तले आगामी 22 जून को लखनऊ में होने वाली बिजली महापंचायत में देश के किसानों और उपभोक्ताओं के कुछ बड़े संगठन सम्मिलित होंगे। संघर्ष समिति ने बताया कि बिजली महापंचायत का ऐलान होते ही कई संगठनों ने संघर्ष समिति से संपर्क किया है। संघर्ष समिति ने आज पावर कार्पोरेशन प्रबंधन से निजीकरण पर पांच प्रश्न पूछे हैं। संघर्ष समिति ने कहा है कि प्रत्येक शनिवार और रविवार को संघर्ष समिति 5- 5 प्रश्न निजीकरण को लेकर प्रबंधन से पूछेगी।संघर्ष समिति ने पावर कार्पोरेशन प्रबंधन से आज पांच प्रश्न पूछे जो निम्नवत है। पहला प्रश्न है कि ऊर्जा मंत्री श्री अरविंद कुमार शर्मा जी ने 06 जून को चंडीगढ़ में हुए विद्युत मंत्रियों के सम्मेलन में कहा है कि उत्तर प्रदेश की बिजली वितरण व्यवस्था देश में श्रेष्ठतम है। सवाल यह है कि जब सरकारी क्षेत्र में उत्तर प्रदेश की बिजली व्यवस्था देश में श्रेष्ठतम हो गई है तब पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम का निजीकरण क्यों किया जा रहा है ? दूसरा प्रश्न है कि यदि घाटे के नाम पर निजीकरण किया जा रहा है तो चंडीगढ़ और दादरा नगर हवेली दमन एवं दीव जहां ए टी एंड सी हानियां क्रमशः तीन प्रतिशत और 8 प्रतिशत थी।

# Health department learned the mantra of yoga from AYUSH department, will convey the message to the people

- **Yoga school conducted on the initiative of CMO Gorakhpur and Regional Ayurvedic and Unani Officer**
- **All health units and CHOs of the district participated through virtual medium**



Gorakhpur. On the initiative of the district's CMO Dr. Rajesh Jha and Regional Ayurvedic and Unani Officer Dr. Meenu Soni, a special virtual e-Arogya school of yoga was conducted for the entire health department on Monday. During this, all the medical units and Community Health Officers (CHOs) of the department learned the mantra of yoga and resolved that they will convey this message to the people. Master trainer of yoga Abhishek Kumar Mishra and associate Rahul Gupta gave a virtual demo of each asana. Yoga instructor Dr. Vinay Chaudhary conducted the entire session.

Other district level officials of both the departments including CMO Dr. Rajesh Jha, Regional Ayurvedic and Unani Officer Dr. Meenu Soni, ACMO RCH Dr. AK Chaudhary, DCPM Ripunjay Pandey and NUHM coordinator Suresh Singh Chauhan were also connected to the virtual school. On this occasion, Chief Medical Officer Dr. Rajesh Jha said that yoga will be conducted at all health units on June 21. In such a situation, the asanas that were practiced during the session on Monday have to be continued on a regular basis so that on June 21, the people of the medical unit and the beneficiaries visiting there can practice yoga. The message has to be conveyed to the people that yoga protects the body from many types of diseases. Regular yoga is the mantra to stay healthy.

Regional Ayurvedic and Unani Officer Dr. Meenu Soni said that by joining this campaign of the Health Department, a better message will be sent in the district on International Yoga Day. This department, which has expertise in diseases, has a deep penetration in the community and by giving the message by it, people will adopt yoga in their life and will always remain healthy. District Program Manager of AYUSH Department Ajit Pratap Chand said that information about the portal related to Yoga Day has to be conveyed to all the people so that more and more people can use this portal.

District Homeopathic Medical Officer Dr. Digvijay Das, Yoga Instructor and Technical Assistant Harsh Sahni and Ratnakar Shukla from the Health Department etc. played a major role in the successful organization of the program.

Information about prohibitions was also given During the virtual yoga school, along with giving information about Kapal Bhati, Tadasana, Vajrasana etc. asanas, it was also told that what kind of people should not do these asanas. Along with this, the importance of each yoga and asana was also informed to the health department.

## Rajya Sabha may form panel to probe hate speech charges against HC judge Shekhar Kumar Yadav

New Delhi | Acting on a notice to impeach Justice Shekhar Kumar Yadav of the Allahabad High Court, Rajya Sabha Chairman Jagdeep Dhankhar is likely to form an inquiry committee to look into the alleged hate speech made by the judge at a VHP event in December last year, The Indian Express has learnt. It is learnt that six months after Opposition MPs submitted a representation with 55 signatures to bring an impeachment motion against the judge to Dhankhar, the process of verifying the signatures is underway. To start impeachment proceedings, at least 50 MPs in Rajya Sabha or at least 100 in Lok Sabha have to sign the resolution, according to the Judges Inquiry Act. Speaking in the Rajya Sabha on March 21, Dhankhar had said that two mails had been sent to the MPs asking them to verify their signatures. “Of the 55 members who signed the representation, a member’s signature appears on two occasions and the member concerned has denied his signature. Now I do not wish to get into this act which may graduate to culpability to a higher level. If the number is above 50, I will proceed accordingly. Therefore, most of the members have cooperated. Those members who have not done so far, may please do it in response to the second mail sent to them,” he had said. Sources in the Opposition told The Indian Express that the signature duplication happened due to some misunderstanding during the signing of the papers. Three sets of representation were prepared for submission, they said. The sources said the requisite number of signatures were there to proceed with the impeachment proceedings, even if one signature is declared invalid. Speaking at the VHP event on December 8 last year, Justice Yadav had said: “I have no hesitation in saying that this is Hindustan… and the country will run according to the majority who live in Hindustan.” Supporting a Uniform Civil Code, he referred to the Muslim community, and said: “You have a misconception that if a law [UCC] is brought in, it will be against your Shariyat, your Islam and your Quran… But I want to say one more thing… Whether it is your personal law, our Hindu law, your Quran or whether it is our Gita, as I said we have addressed the ills [buraaiyan] in our practices.” He said untouchability, sati, jauhar and female foeticide had been addressed. “Then why are you not doing away with… that while your first wife is there… you can have three wives… without her consent… that is not acceptable.” On December 13, accusing Justice Yadav of engaging in hate speech, a delegation of Opposition members in the Rajya Sabha submitted a notice seeking his impeachment. Addressing the House on February 13, Dhankhar said he had received an undated notice for motion to remove Justice Yadav under Article 124 (3) of the Constitution.

## In Nari Tu Narayani, woman is complete in herself - Judge Manoj Tiwari

Salempur (Deoria). 'Nari Tu Narayani' says that woman is complete in herself.' Additional District and Session Judge Manoj Kumar Tiwari said these things in his address while addressing the seminar program organized by Indian National Journalist Coordination Committee and Social Media Journalist Federation on the topic 'Nari Tu Narayani'. He said that woman is a form of power in herself. He emphasized on organizing such events.



National President of the organization Sardar Dilawar Singh threw light on the topic of the seminar. National Minister Markande Mishra said in his address that woman is complete in herself. On this occasion, the chief guest honoured Salempur's Deputy District Magistrate Ms. Disha Srivastava for her efficient administrative capability, Additional Joint Magistrate Shruti Sharma IAS for successful administration, Shakuntala Singh in the field of education, Dr. Amarnath Vishwakarma in the field of homeopathic medicine, sketch artist Nandini Sahni with certificates. The programme was addressed by the organisation's District President Shyamanand Pandey, Bar President Sadanand Kushwaha, Senior Advocate Parmanand Yadav, Principal Shashishekhar Mishra Vatsyayan etc. Shambhudayal, Jawahar Lal, Shailesh Kumar Sharma Advocate, Dr. SK Kushwaha, Navneet Kumar Mishra, Dr. Reena Mishra, Santosh Mishra, Rajneesh Bharti, Dinesh Rao, Suresh Kumar Singh Advocate, Dr. Vinay Kumar Mishra, Suryaprakash Mishra, Amiya Nath Mishra, Sanjay Srivastava, Pramod Tiwari Advocate, Dr. Shashishekhar Mishra, Rambhu Prasad Principal, Vashisht Sahni, Bhanu Pratap Singh etc. participated in the event.

## Free distribution of haemophilia factor

Gorakhpur. A programme for haemophilia awareness, free factor distribution and free haemophilia testing was organised under the aegis of Haemophilia Welfare Society Gorakhpur and Intas Foundation. Haemophilia Welfare Society President Shailesh Gupta and haemophilia patients Suraj, Ayush, Swastik, Vishwajeet, Rameshwar, Ramraksha Maurya etc. were present!




स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, शक्ति शंकर द्वारा फाईन आफसेट प्रिंटर्स मदरसा हुसैनिया बिल्डिंग बक्शीपुर, जनपद–गोरखपुर से मुद्रित कराकर, मुहल्ला–द्वितीय तल पुष्पांजलि काम्प्लेक्स शाही मार्केट, गोलघर, जनपद–गोरखपुर से प्रकाशित।
प्रधान संपादक :
शक्ति शंकर
मो नं.
7233999001
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र गोरखपुर न्यायालय होगा।